## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर होगी चित्रकला प्रतियोगिता



**मण्डला।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईईपी के अंतर्गत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल के निर्देशन में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सहायक आयुक्त जनजाति विकास के मार्गदर्शन में शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में सुबह 8 बजे से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर माध्यमिक स्तर एवं हाई स्कूल स्तर के छात्र शामिल होंगे एवं निबंध में हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के छात्र भाग लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य एवं छात्रों के अभिभावकों से अपील की है कि जो छात्र चित्रकला में रुचि रखते हैं उन्हें अनिवार्य रूप से 5 जून को सुबह 8 बजे शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंचाएं। छात्र अपने साथ कलर पेन एवं ड्राइंग शीट लेकर आएंगे। निबंध के लिए शीट विद्यालय की ओर से दिया जाएगा।

### मतगणना कार्य से संबंधित मॉकड्रिल आज

**मण्डला।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 मंडला की विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना का कार्य 4 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। इस संबंध में 3 जून 2024 दिन सोमवार को प्रातः 8:30 बजे से रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मंडला में मतगणना कार्य से संबंधित मॉकड्रिल किया जाएगा। मतगणना से संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी मतगणना मॉकड्रिल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### गणना प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी एवं अवधेश सिंह का मंडला आगमन

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी तथा गणना प्रेक्षक अवधेश सिंह रविवार की दोपहर मंडला पहुँचे। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उक्त दोनों प्रेक्षक सर्किटहाउस मंडला में रूके हुए हैं।


## पानी टंकी का गुणवत्ताविहीन निर्माण, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

# जमीन के ऊपर बिछा दी पाईपलाइन

*** जबकि अंडर ग्राउंड बिछाना था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





जल जीवन मिशन के कार्यो को लेकर प्रशासन के द्वारा कोई मॉनीटरिंग नहीं किया जा रहा है। पीएचई के आंकड़ेबाजी में उलझा प्रशासन अभी तक गांव-गांव में पेयजल नहीं पहुंचा सका है। यहां ग्राम पंचायत खिन्हा में पिछले एक साल मिशन का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पंचायत के पोषक गांव मुकासकला में ठेकेदार ने काम शुरू किया गया लेकिन वर्तमान में पाइप लाइन अस्त व्यस्त छोड़ दी गई। मिशन के तहत पेयजल टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा नहीं हुआ है। इस वजह से ग्रामीणो को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण गांव के एक कुंआ और हैंडपंप के भरोसे पेयजल का इंतजाम कर रहे है। इसके बाद भी पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया गया है कि ग्राम पंचायत खिन्हा में करीब डेढ़ हजार से अधिक आबादी है। यह क्षेत्र ड्राई है। ग्रामीण क्षेत्र में नल खनन सफल नहीं है। हर साल यहां का जल स्तर गिर रहा है। इस वजह से गांव में काफी पुराने लगे हैंडपंप खराब हो गए है और कुंआ में भी पर्याप्त नहीं है। इसके चलते ग्रामीणो को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले दो साल पहले गांव में जल जीवन मिशन से पेयजल व्यवस्था के लिए सर्वे किया गया और इस्टीमेट तैयार कर स्वीकृति ली गई। गत वर्ष ठेकेदार के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत काम शुरू किया गया। पंचायत के पोषक गांव मुकास कला में पाइप लाइन बिछाने के लिए गढ्डे खोद गए है और लाइन बिछाई गई लेकिन काम पूरा ही नहीं किया गया। मुकास कला में पूरी पाइप लाइन अस्त व्यस्त छोड़ दी गई। यहां खनन कर बोर किया गया है लेकिन पेयजल टंकी का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है। पाइप लाइन से घर घर कनेक्शन नहीं किए गए है और ठेकेदार का कही कोई पता नहीं है। साल भर ग्रामीण मिशन के कार्यो को पूरा होने का इंतजार कर रहे है लेकिन पीएचई के अफसरो के द्वारा कोई ध्यान ही नहीं दिया गया। जल जीवन मिशन कार्य के संबध में ग्रामीणो को कोई भी जानकारी तक नहीं दी जा रही है।

### प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

ग्रामीणो के आरोप है कि मिशन के कार्यो को ठेकेदारो द्वारा कम दर से लिया गया है और मैदानी स्तर में काम करने के दौरान उन्हे घाटा होने पर काम छोड़ा जा रहा है। निवास क्षेत्र के कुछ ग्रामीण इलाको में घटिया स्तर का काम किया गया है। कई जगह से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिल रही है। नल कनेक्शन के लिए लगाए गए पाइप भी घटिया स्तर के है जो गर्मी का तापमान भी नहीं सहन कर पा रहे है। इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


### पांच में से एक हैंडपंप चालू

ग्राम पंचायत खिन्हा और पोषक गांव मुकास कला में पेयजल के लिए पांच हैंडपंप है लेकिन भीषण गर्मी के चलते भू जल स्तर नीचे चला गया है। इस वजह से हैंडपंप का भी दम निकल गया। पांच में से सिर्फ एक हैंडपंप थोड़ा बहुत पानी उपलब्ध करा रहा है। इनमें कुछ हैंडपंप खराब हो गए है। ग्रामीणो को पेयजल के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके बाद भी अफसरो के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है। जिससे ग्रामीणो को दो टाइम के लिए पेयजल मिल सके।

### पीएचई की लापरवाही

ग्राम पंचायत खिन्हा में जल जीवन मिशन के कार्यो में पीएचई विभाग के अधिकारियो के द्वारा लापरवाही बरती गई। यह क्षेत्र केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह का है। इसके साथ वर्तमान में मप्र सरकार में पीएचई मंत्री संपतिया उइके है गृह जिला होने के बाद भी अफसरो के द्वारा मिशन के कार्यो को पूरा नहीं कराया जा रहा है। चुनावी सीजन होने के कारण अफसर पेयजल की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे है। यही वजह है कि मंडला की खैरी पंचायत से लेकर निवास जनपद क्षेत्र में दर्जनो गांवो में पेयजल की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है।

## पार्किंग एवं मार्ग व्यवस्था के लिए मैप तैयार




*** मतगणना के दिन राजीव कालोनी पहुंच मार्ग रहेगा वन वे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत मंडला संसदीय क्षेत्र के बिछिया, निवास तथा मंडला विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना 4 जून को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। इस संबंध में आयोजित नोडल अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहां कि मतगणना पूरे निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें किसी भी प्रकार की गलती के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने निर्देशित किया कि मतगणना के संबंध में जो भी तैयारियां शेष बची हैं उन्हें पूरी करें। इसी तारतम्य में 4 जून को मतगणना स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज में पार्किंग एवं मार्ग व्यवस्था का मैप तैयार कर लिया गया है।

यातायात सूबेदार योगेश राजपूत ने बताया कि पार्किंग एवं मार्ग व्यवस्था की तैयारी के लिए मैप तैयार कर लिया गया है। मतगणना के दिन राजीव कॉलोनी से पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुँच मार्ग वन वे रहेगा। होटल नर्मदा इन की ओर से वाहन प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी कर्मचारियों के वाहनों की पार्किंग प्रातः 6 बजे से गेट नंबर 02 से प्रवेश कर पॉलिटेक्निक ग्राउंड परिसर में होगी। ड्रॉप एंड गो की व्यवस्था पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से 100 मीटर पहले रहेगी। मीडिया कर्मी एवं अन्य पास धारियों के लिए पार्किंग व्यवस्था गेट नंबर दो से प्रवेश कर पॉलिटेक्निक ग्राउंड परिसर में होगी। आम जन के लिए वाहनों की पार्किंग अमराई परिसर एवं मेला स्थल में निर्धारित की गई है। इसके साथ ही बगैर पासधारी एवं भारी वाहनो का प्रवेश पॉलिटेक्निक कॉलेज की ओर प्रतिबंधित रहेगा।

## भागीरथ सेवा विकास परिवार द्वारा रक्त दान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बीएसवीपी संयोजक संतोष कुमार मरावी ने बताया समिति अध्यक्ष अजय कुमार के नृतत्व मैं भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला द्वारा लगातार सिकल सेल एनीमिया संबंधित कार्य और सिकल सेल के मरीजों को रक्तदान जैसे कार्य से निरंतर सेवा कार्य होते हैं पूर्व में संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार द्वारा सिकल सेल एनीमिया के जांच शिविर ब्लाक स्तर पर किए गए थे जिसमें पोजिटिव आए मरीजों की संस्था द्वारा एक सूची तैयार किया उसके पश्चात पोजिटिव आए इन्हीं मरीजों को सरकारी अस्पताल मंडला में बुलाकर पुनः इनका सिकल सेल एच पी एल सी की जांच करवाई उसके पश्चात रिपोर्ट में आए पर्सेंट के आधार पर संस्था द्वारा इनकी दिव्यांग सर्टिफिकेट के लिए फार्म भर आवेदन करवाया गया 1 जून को सिकल सेल मुक्त पर संकल्पित मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के जन्मदिन पर इन्हें वह दिव्यांग सर्टिफिकेट उपलब्ध करवाया गया इसी अवसर पर राज्यपाल के जन्मदिन दिवस के अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया रक्तदान शिविर भाग लेने वाले रक्तदाताओ का भागीरथी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया मंडला जिले में एक मात्र संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला हे जो निस्वार्थ भाव से सिकल सेल एनीमिया के मरीजों के लिए सदैव सेवा में लगे रहते हैं समय समय पर इन्हें कभी भी ब्लड की आवश्यकता पड़ती है तो संस्था के युवा अपना पूरा प्रयास करने में जुट जाते हैं और डोनर तैयार कर पीड़ित मरीजों की सहायता करते हैं उसी प्रकार समय समय पर सिकल सेल एनीमिया जन जागरण अभियान और सरकारी अस्पताल की सहायता से अलग अलग स्थानों पर निःशुल्क सिकल सेल जांच शिविर आयोजित भी करते हैं और जो पोजिटिव आते हैं ऐसे मरीजों को चिन्हित कर उनकी सहायता में लग जाते हैं प्रशांत साहू रैयत साहू रश्मि नंदा राधिका कोकड़िया प्रीति धुर्वे शिवानी सोनवानी रुस्तम साहू ऐसे अनेक लोगों का समिति ने सिकल सेल दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाया रक्तदान शिविर में आए जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भल्लावी कैसरी मरावी रियाजुल किशोर रजक राजेन्द्र बंजारा लखन महाराजपुर सुखविंदर सिंह सेरी अन्य लोगों ने रक्तदान किया इस अवसर पर सनातन धर्मोत्सव परिवार से रंजीत कछवाहा अखिलेश सोनी सामाज सेवी बूटा सिंह गरेवाल संध्या कांड्रा नारायण प्रसाद नागवंशी संतोष कुमार मरावी शीतल कुमार कछवाहा तारा मरावी अन्य सामाज सेवी लोग उपस्थित रहे।

## उमरवाडा में कृषक संगोष्ठी का आयोजन, कृषको की समस्याओ का किया समाधान



**भुआबिछिया।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं आत्मा परियोजना द्वारा खरीफ़ फसल कृषक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम उमरवाडा विकासखंड बिछिया मे कलेक्टर मंडला सलोनी सिडाना के निर्देशन पर किया गया। जिसमें कृषको को प्रशिक्षण देने परियोजना संचालक आत्मा आरडी जाटव उपस्थित रहे। श्री जाटव द्वारा कृषको को रासायनिक खेती को प्रयोग कम करने एवं कोदो कुटकी रागी, कंगनी आदि मोटे अनाज, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की और अग्रसर होने की सलाह दी साथ ही खरीफ की फ़सलो मे लगने वाली बीमारियों एवं किटो के नियंत्रण हेतु प्राकृतिक नीम अर्क पांच पत्ती काडा एवं गौमूत्र का उपयोग करने हेतु सलाह दी एवं कृषको की समस्याओ का समाधान किया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुकेश कुलस्ते द्वारा कृषको को शासन की योजना विवरण दिया एवं खरीफ फसलों एवं अन्य आगामी फसलों मे प्राकृतिक रूप से कृषि करने, मिट्टी परीक्षण हेतु सलाह दी। संगोष्ठी में कृषि विकास अधिकारी पार्वती बट्टे, निधी खत्री द्वारा उपयोगी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी सौरभ उइके, योगेश बघाले, लता झारिया, महिमा मलगाम, मोनिका मलगाम, अनामिका बघेल, सहित बड़ी संख्या में युवा, महिला कृषक उपस्थित थे।

## सट्टा पर कार्यवाही, 8 आरोपियों से 18 मोबाईल फोन एवं नगद जब्त

*** नैनपुर पुलिस 1 लाख 64 हजार का सामान एवं नगद किया जब्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को क्षेत्र अंतर्गत अवैध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर जुआ-सट्टा आदि गतिविधियों पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला व एसडीओपी नैनपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा के नेतृत्व में टीम गठित कर सट्टा पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा थाना नैनपुर क्षेत्र अंतर्गत सट्टा पर्ची लिखने व सट्टा खिलाने वाले व्यक्तियों के संबंध जानकारी एकत्र की गई।

पुलिस टीम द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर उमरिया वार्ड क्रमांक 03 में अवैध सट्टा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दबीश दी गई, दबीश में आरोपी टोनी बिल पिता माईक बिल, दुर्गेश बैरागी पिता स्वं. ऊखम दास बैरागी, रोशन परतेती पिता स्वं. श्याम सुंदर परतेती, शिव प्रसाद नंदा पिता मुन्नालाल नंदा, विनोद उइके पिता स्वं. बच्चु लाल उइके, राकेश पदमाकर पिता स्वं. प्रेमलाल पदमाकर, दिलीप सोनवानी पिता स्वं. संत्तु सोनवानी एवं जुगल किशोर खण्डेलवाल कुल 08 सभी निवासी नैनपुर को सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से विभिन्न कंपनियों के कुल 18 नग मोबाईल फोन जब्त किये गये, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये के साथ ही आरोपियों से नगद 14 हजार 485 रुपये, पेन एवं सट्टा पर्ची भी जप्त किया गया। थाना नैनपुर में सभी आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए जुआ एक्ट एवं भारतीय दंड विधान की धारा 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों को चोतावनी भी दी की पुलिस द्वारा कार्यवाही निरंतर कि जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेव मुजालदा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सलमान कुरैशी, निधि नेमा, सहायक उप निरीक्षक मुकेश चौधरी, आरक्षक सुरैश जैतवार, पेयन्त रानें, नवीन मारुवंश, देवेन्द्र सैय्याम, महिला आरक्षक सुमन की अहम भुमिका रही।

## परीक्षा | परीक्षार्थियों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने निर्देश।

# कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा आज

*** शिक्षकों, अभिभावकों को भी दिए गए है निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पांचवीं-आठवीं की पुनः परीक्षाएं आज 03 से 08 जून तक आयोजित की जाएंगी। पहली बार पूरक परीक्षाओं के पेपर आनलाइन केंद्र पर ही भेजे जाएंगे। यहां प्रिंटर से प्रिंट निकालकर परीक्षार्थियों को देने होंगे। बताया गया कि अप्रैल में पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी हुए थे। मंडला जिले में पांचवीं में 1233688 परीक्षार्थी शमिल हुए। इसमें 1122320 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और कक्षा आठवी में 1137387 परीक्षार्थी शमिल हुए, जिसमें 997553 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। शेष पूरक और जिन छात्रों ने परीक्षा नहीं दी है, उन सभी पुनः परीक्षा का मौका मिल रहा है।

जिला शिक्षा केन्द्र से एपीसी डॉ शेषमणि गौतम ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुपस्थित और फेल हुए परीक्षार्थियों को दोबारा मौका दिया जा रहा है। इसके लिए तीन से आठ जून तक पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में पांचवीं और आठवीं से करीब 06 हजार 677 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा मंडला जिले के सभी जन शिक्षा केंद्रों में सुबह 09 से 11.30 बजे तक होगी। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान भीषण गर्मी में सुरक्षा एहतियात को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### परीक्षा के लिए करें उचित व्यवस्था

एपीसी डॉ शेषमणि गौतम ने बताया कि जारी आदेश में निर्देशित किया है कि भीषण गर्मी से बच्चों, शिक्षकों व अन्य कार्यरत अमले की सुरक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए एवं नियमित अंतराल पर बच्चों को पानी पिलाया जाए। लू-लपट व डिहाईड्रेशन से सुरक्षित रखने के लिए परीक्षा केंद्रों में ओआरएस, इलेक्ट्राल पाउडर, ग्लूकोज पाउडर के पैकेट्स उपलब्ध कराए, पंखों की व्यवस्था की जाए, स्वास्थ्य संबंधी विषम परिस्थिति होने की स्थिति में निकट के स्वस्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाने की व्यवस्था भी की जाए।

### शिक्षकों, अभिभावकों के लिए भी निर्देश जारी

जारी दिशा-निर्देश में अभिभावकों व शिक्षकों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बच्चों को गर्मी से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करे, बच्चों को पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ जैसे पना, नींबू-पानी, छाछ आदि पीने की हिदायत दी जाए, धूप में बाहर जाते समय टोपी और छतरी का उपयोग किया जाए, मौसमी फल और सब्जियां जैसे तरबूज, खरबूज, संतरा, अंगूर, अनानस, ककड़ी, सलाद या अन्य फल व सब्जियां खाने की सलाह दी जाएं।

विकासखंडवार कक्षा 5वीं व 8वीं में सम्मिलित होने वाले बच्चों की संख्या

| ब्लाक | कक्षा 5वीं | कक्षा 8वीं | योग |
|---|---|---|---|
| रबीजाडांडी | 52 | 85 | 137 |
| बिछिया | 238 | 1095 | 1333 |
| घुघरी | 246 | 1067 | 1313 |
| मंडला | 267 | 691 | 958 |
| मवई | 198 | 630 | 828 |
| मोहगांव | 177 | 483 | 660 |
| नैनपुर | 149 | 648 | 797 |
| नारायणगंज | 113 | 327 | 440 |
| निवास | 42 | 169 | 211 |
| कुल योग | 1482 | 5195 | 6677 |

## खबर संक्षेप

### ट्रेनों के लेट आने से रेलयात्रियो की फजीहत, प्लेट फार्मो की भीड़ से हो रही परेशानी

**गाडरवारा।** चल रही भीषण गर्मी के दौर में जहां आम लोग परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर यात्रा करना तो आम लोगों के लिये मुश्किलों में डालने से नही चूक रहा है। क्योंकि ट्रेनों का हाल यह बना हुआ है कि कौन सी ट्रेन का कब बंद होने की सूचना आ जावे किसी को पता नही रहता है। वही दूसरी ओर जो ट्रेन चल रही है उनकी लेट लतीफी यात्रियों के लिये गर्मी के दौरान परेशानी में डालने से नही चूक रही है। इस तरह शहर के रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्मो पर इन दिनो महत्वपूर्ण ट्रेन लेट आने से दोनो रेलवे प्लेट फार्मो पर भीड़ भाड़ का आलम दिखायी पड़ रहा है। बताया गया है कि रेलयात्री अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए समय पर स्टेशन पहुंच जाते है। किन्तु अक्सर ट्रेने इतने विलम्ब से आती है कि स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर बैठने की पर्याप्त बैंच न होने से बहुतेरे यात्रियों को जमीन पर बैठ ट्रेनो का इंतजार करने मजबूर होना पड़ता है, स्टेशन के प्लेट फार्म क्र.1 के वेटिंग रूमों पर ताला जड़ा रहने से विदित हो कि उन महिला रेल यात्रियों को विशेषकर असुविधा होती है, जिनके साथ बच्चे होते है। वेटिंग रूम में बैठना नसीब न होने की हालत में महिला रेलयात्रियों को बैठने के लिए प्लेट फार्म की जमीन की शरण लेनी पड़ती है।

रेलयात्रियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन में गंदगी व्याप्त है तथा निस्तारी सुविधाओं का अभाव है, विदित हुआ है कि पूर्व में शहर में कई खास मानी जाने वाली ट्रेनो का स्टापेज हुआ था, किन्तु ये ट्रेने नेताओं, धनाढ्य रेल यात्रियों को ही पसंद आ रही थी और क्षेत्र के मध्यमवर्गीय, गरीबो की सफर की आशाएँ सिर्फ इलाहाबाद-इटारसी व शटल ट्रेन से ही लिपटी रहती थी। क्योंकि यह पैसेंजर छोटे से छोटे स्टेशनो पर रूकती है और इसका किराया भी कम रहता है पर इन दिनों समय में बदलाव होने से इलाहाबाद-इटारसी पेंसजर में विलम्ब से आ रही है और गरीब रेलयात्री ग्रामीणजन दिक्कत में पड़ गए है? गौरतलब है कि रेल विभाग को सर्वाधिक राजस्व देने वाले गाडरवारा शहर में दिग्गज कहे जाने वाले नेताओं के सद्प्रयासो से बड़ी ट्रेनो के स्टापेज की तो सौगात तो शहर को मिल गयी, मगर क्षेत्र की आबादी के लिहाज से रेलवे स्टेशन को विकसित, सुविधा युक्त बनाने की आवाज उठाने में नेतागणो को कम रूचि रही, जिसका खामियाजा क्षेत्रवासियो को भोगने आज विवश होना पड़ रहा है, फिलहाल क्षेत्रवासी अपने भैयाजी से यह गुहार लगाने लगे है कि वे बीते हुए कुछ वर्ष पहले से बंद हुई शटल ट्रेन पुनः शुरू कराने की पहल करें ताकि क्षेत्र के गरीब पहले की तरह अपनी जानी पहचानी, प्रिय शटल में सफर करने का आनंद ले सकें।

### भीषण गर्मी के दौरान अघोषित बिजली कटौती ने छिना आमजन का अमन व चैन

**सालीचौका।** भले ही केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकारों द्वारा अपने आपकों किसान हितैषी बताते हुये किसानों की मदद के लिये खड़े रहने का वादा किया जाता रहे मगर इस समय किसान जिस मुश्बित से परेशान होते हुये देखा जा रहा है उस और न तो सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार माने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के द्वारा जिसका परिणाम है कि किसानों को अपने खेतों में लगाई गई मूंग सहित गन्ना फस्सल की सिंचाई करने के लिये बिजली ही नही मिल पा रही है तो दूसरी ओर भीषण कर्मी के दौरान हो रही अघोषित बिजली के कटौती के कारण आमजन का अमन चेन छिनते हुये जान पड़ रहा है। कहने के लिये तो सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे व आम लोगों के लिये 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया गया है और आये दिन क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के दौरान सत्ता पार्टी से जुडे हुये नेता किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली देने का डिंडोरा पीटते हुये देखे जाते है। मगर इन दिनों बिजली क अभाव में किसानों के खेतों की क्या हालत हो रही है इस ओर न तो बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है और नही क्षेत्र के जन प्रतिनिधि जिसके चलते क्षेत्र के किसानों द्वारा बड़ी उम्मीदों के साथ अपने खेतों में मूंग फसल बोई गई थी मगर बिजली नही मिलने से सिंचाई के आभाव में सूखते हुये दिखाई देने लगी है।

### नगर पालिका प्रशासन ने हरिभूमि की खबर पर दिखाई गंभीरता

# अब काफी हद तक आवारागर्दी करने वालों पर लग सकेगा अंकुश...

गाडरवारा







हरिभूमि

पानी टंकी क्षेत्र में लगने वाली दुकानों से यातायात व्यवस्था प्रभावित

नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा को लोग जिस स्नेह भरी नजरों से देखते है। उसका प्रमुख कारण है कि उनके द्वारा आमजन की समस्याओं को भी उसी गंभीरता के साथ निराकरण करने की पहल करने में कोई कसर नही छोड़ते है। क्योंकि उनकी कार्यशैली इस तरह की बन चुकी है कि जब मीडिया द्वारा जन हितैषी किसी मामले को उठाया जाता है तो नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित नगर पालिका प्रशासन द्वारा उसको गंभीरता से लेते हुये उसमें सुधार लाने के प्रयासों में कोई कसर नही छोड़ते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के प्रमुख माने जाने वाले स्थानी पानी टंकी क्षेत्र में बीते हुये कुछ दिनों से बन रही यातायात की समस्या को लेकर जिस तरह आमजन को परेशान होते हुये देखा जा रहा था। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा बीते हुये अपने 22 मई के अंक में प्रमुखता से उजागर करते हुये नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित नगर पालिका प्रशासन के संज्ञान में लगाया गया था। हरिभूमि द्वारा आमजन की समस्या संबंधी उठाये गये इस मुद्दे पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाही अस्थाई दुकानों को खाली पड़े हुये नालंदा परिसर में स्थापित करा दिया गया है। इस तरह नालंदा परिसर में स्थापित हुई दुकानों के चलते जहां पानी टंकी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर यहां पर मनचलों की गतिविधियों पर भी काफी हद तक अंकुश लगाता हुआ दिखाई देना शुरू हो गया है। इस तरह नपा प्रशासन द्वारा उठाये गये इस कदम की लोगों द्वारा खुले मन से सराहना करते हुये देख जा रहा है। वही कुछ लोगों द्वारा नालंदा परिसर में स्थापित की गई दुकानों के चलते बने हुये चौपाटी नुमा मनमोहक दृश्य का भ्रमण करने के बाद चर्चा करते हुये बताया गया कि नगर पालिका का यह कदम बहुत ही सराहीय रहा है। क्योंकि चार्ट चौपाटी की दुकाने एक ही स्थान पर स्थापित होने के चलते अब महिलाओं से लेकर किशोरी व युवतिया यहां पर आसानी से पहुंचकर अपने मन पंसद की सामग्री का स्वाद ले सकती है। मगर यहां पर देखा जा रहा है कि इन दुकानों पर पहुंचने वाले कुछ मनचले जिस तरह अंदर तक अपनी बाईक मोटर साईकिलों सहित अन्य छोटे वाहन लेकर पहुंच रहे है उनका पर रोक लगना पहुंच जरूरी है। क्योंकि नालंदा परिसर में छोटी अस्थाई दुकानों से लेकर पहुंचने वाले ग्राहकों के लिये तो परिरसर में जगह पर्याप्त है। मगर मनचलों द्वारा जिस तरह अपनी मोटर साईकिल को लेकर जाकर खड़ी करते हुये उन पर ही बैठकर मटर गस्ती की जा रही है। वह परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है। क्योंकि ग्राहकों के लिये मौजूद परिसर मनचलों की बाइकों से ही भर जाता है इस स्थिति में दुकानों पर पहुंचने वाले ग्राहकों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। आमजन द्वारा नगर पालिका प्रशासन से मांग की जा रही है कि नालंदा परिसर में पहुंचने वाली इन मोटर साईकिलों को गेट पर ही रोकने की व्यवस्था बनाई जावे जिससे बगैर काम के मदर गस्ती करने वालों की हरकतों पर पूर्णरूप से अंकुश लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही दूसरी ओर यहां पर दोपहर दो बजे से शाम के आठ बजे तक एक पुलिस कर्मी को नियुक्त कर दिया जावे जो इस तरह मदर गस्ति करने वालों पर पैनी नजर रखते हुये उनकी गति विधियों पर अंकुश लगा सके। क्योंक पहले देखा जा रहा था कि पानी टंकी के पास मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाली इन दुकानों के पास लगने वाली भीड का आलम यह बन चुका था कि लोगों को निकलना मुश्किल हो चुका था। हालत यह थें कि जिसकी मर्जी होती है वह वहां पर अपना ठेला खड़ा करते हुये दुकानदारी करना शुरू कर देता है। इस स्थिति में नगर की यातायात व्यवस्था तो चौपट होते हुये देखी जा रही थी। वही दूसरी ओर मुख्य मार्गो पर आवारा गर्दी करने वालों के चलते मुख्य मार्गो से आम लोगों का निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा था। शहर का पानी टंकी क्षेत्र संपूर्ण नगर के लिये प्रमुख माना जाता है। क्योंकि इसी क्षेत्र में नगर पालिका परिषद स्थित होने के चलते हर व्यक्ति का यहां पर आना जाना लगा रहता है। तो दूसरी ओर नगर के मुख्य बाजार को पहुंचने के लिये यही प्रमुख मार्ग होने के साथ साथ भारतीय स्टेट बैक की मुख्य शाखा इसी क्षेत्र में होने के कारण यहां पर दिन भर चहल पहल का महौल तो बना ही रहता है। क्योंकि इसी मार्ग से लोगों को जहां पुलिस थाना, न्यायालय सहित नगर के अनेक स्कूलों के लिये आना जाना करना पड़ता है। वही दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा यहां पर बनाये नये काम्पलेक्स पुराना कामर्थ काम्लेक्स स्थित होने के कारण पानी टंकी क्षेत्र नगर का प्रमुख स्थानों के रूप में गिना जाने लगा है। मगर बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा था कि पानी टंकी से मुख्य बाजार जाने वाले मार्ग के किनारे जिस तरह से अनेक प्रकार की दुकाने सजते हुये देखी जा रही थी उसके चलते नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से नही चूक रही थी। शाम चार बजे से तो यहां पर हालत इस तरह बन जाते थें कि आम लोगों का वाहन लेकर निकलने की बात तो दूर पैदल निकलना मुश्किल हो जाता था। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी का सामना उन महिलाओं को करना पड़ता था जो अपने किसी काम से यदि बाजार जाने की सोच के चलते घरों से निकलती थें तो उन्हें पानी टंकी क्षेत्र में सड़क किनारे लगने वाली दुकानों के चलते मुख्य मार्ग पर खड़े रहने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों के कारण पैदल निकलने में परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता था। दूसरी ओर सड़क किनारे अस्थाई रूप से अतिक्रमण करते हुये लगने वाली इन दुकानों पर खड़े रहने वाले मनचलों की आवारा गर्दी तथा की जाने वाली छिटाकशी का सामना करते हुये देखा जाता था। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस क्षेत्र में बीते हुये कुछ समय से देखा जा रहा था कि जिस तरह आवरा तत्वों सहित शराब के नशे में मस्त होकर आंतक मचाने वालों का बोल बाला बन चुका था और उनकी हरकतों से आमजन तो परेशान होते हुये देखा ही जा रहा थें और इन तत्वों द्वारा आये दिन यहां पर स्थाई रूप से स्थापित दुकानों पर पहुंचकर परेशान करने से नही चूकते थें। इस स्थिति में देखा जावे तो पानी टंकी क्षेत्र में आवारा तत्वों द्वारा की जा रही आवारा गर्दी के चलते शहर की शांतिप्रिय माने जाने वाली प्रतिष्ठा को ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी नही रहे रही थें? इसी के चलते आमजन द्वारा नगर पालिका से यह मांग उठाई जा रही थी कि सड़क किनारे लगने वाली इन अस्थाई दुकानों को यदि बंद पडे हुये नालंदा परिसर में स्थापित कर दिया जाता है तो यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार देखने मिल सकता है। आमजन की इस मांग को हरिभूमि द्वारा अपने 22 मई के अंक में प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा तथा नपा प्रशासन द्वारा नालंदा परिसर में दुकानों को स्थापित कराये जाने का निर्णय लेकर पानी टंकी क्षेत्र की सुन्दरता में जहां चार चांद लगाने का कार्य किया गया है तो दूसरी ओर नपा प्रशासन के इस निर्णय से मनचलों की हरकतों पर भी काफी हद तक अंकुश लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## सांसद निधि से निर्मित हुई दस लाख की गौशाला हो गई गायब, इस बात को आठ साल का समय बीत जाने के बाद भी आज तक किसी ने नहीं उठाई आवाज

**सिंहपुर छोटा।** अक्सर देखा जाता है कि जब क्षेत्र में किसी बड़ी कंपनी द्वारा कोई उद्योग या फिर कोई कार्य किया जाता है तो कंपनी के संचालकों की पहुंचे के चलते बडे स्तर के नेताओं से लेकर अधिकारियों तक उस कंपनी को अपना पूरा सहयोग प्रदान करते हुए कंपनी द्वारा समाज सेवा या फिर किसी अन्य कार्य के नाम पर नेताओं द्वारा मनमानी शासकीय राशि प्रदान की जाती है। मगर जब रातों रात उन कंपनियों की भागने की नौबत आती है तो वह शासन द्वारा दी जाने वाली राशि से निर्मित संपूर्ण समान को गायब करने से भी नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई लगभग 8 वर्ष पहले क्षेत्र के गोटीटोरियां में भी देखने मिली है जब यहां पर संचालित होने वाले कोयला कंपनी द्वारा यहां पर अपना कारोबार शुरू किया गया था तो अनेक नेताओं ने इस कंपनी पर अपना स्रेह दिखाते हुए इस कंपनी द्वारा किये जा रहे समाज सेवा के नाम पर गौशाला की स्थापना की गई थी जिसके लिए तत्कालीन एक राज्य सभा सदस्य द्वारा अपनी निधी से 10 लाख रूपया प्रदान किये गये थें। मगर जब कंपनी की यहां से बिदाई हुई तो कंपनी द्वारा अपने समान के साथ राज्स सभा सांसद द्वारा प्रदान की गई उस सांसद निधि से निर्मित गौशाला को भी गायब कर दिया गया जिसे आज लगभग 8 साल से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी इस पर आज तक किसी ने आवाज नही उठाई गई जो चर्चा का विषय बना हुआ है..? इस संबंध में बताया जाता है कि समीपस्थ गोटीटोरिया क्षेत्र में स्थापित कोयला खदान को मा. न्यायायल द्वारा कोई दोष पाते हुए रद्द करते हुए बंद किये जाने के आदेश जारी किये गये थें, जिसके चलते जहां के गोटीटोरिया क्षेत्र में स्थापित हुई यह खदान अपनी समस्त सामग्री ले गई। मगर वही दूसरी ओर इस कंपनी द्वारा यहा पर पंचबटी गौ शाला का भी निर्माण किया गया था जिसमें बताया जाता है कि सृजन उद्यमिता केन्द्र के लिए तत्कालीन राज्य सभा सांसद अनिल माधव दवे द्वारा अपनी निधि से दस लाख रूपया प्रदान किये गये थें, जिस राशि के माध्यम से यहां की गौशाला का निर्माण हुआ था। इस बात की सच्चाई उस समय मौके पर लगा हुआ वोर्ड भी बता रहा था। इस प्रकार से किसी सांसद निधि से निर्मित हुई कोई भी चीज को शासन की मानी जाती है तथा इस केन्द्र के




निर्माण में विशेष सहयोग के रूप में कंपनी द्वारा भी अपनी धनराशि खर्च की गई थी जिसे आसानी से गायब कर दिया गया? मगर अब सबाल यह उठता है कि कई वर्षो तक चली इस कोयला खदान के दौरान तो उस केन्द्र का उपयोग भी उन्ही लोगों द्वारा किया गया है और जब इस कंपनी की यहां से जाने की नौबत आई तो उस गौशाला केन्द्र को भी तोड़ते हुए उसकी सामग्री ले जाने की तैयारी की जा रही थी उस समय स्थानीय अखबरों द्वारा प्रमुखता के साथ इस सच्चाई की आवाज उठाई गई थी मगर उस समय न तो प्रशासन ने ध्यान दिया था और ही क्षेत्र के किसी जागरूक नेताओं ने जिसके चलते शासन की 10 लाख रूपया की राशि से स्थापित हुई गौशाला का आज मौके से आस्त्तिव ही गायब हो चुका है? इस प्रकार शासन की निधि से बने उस गौशाला केन्द्र को गायब हुए लगभग 8 साल से अधिक समय बीत चुका है और इसको लेकर न तो प्रशासन द्वारा आज तक कोई कदम उठाया गया है और न ही क्षेत्र के उन जागरूक नेताओं द्वारा जो समय समय पर निष्ठा व ईमानदारी की बात करते हुए भ्रष्टाचार को समाप्त करने के नाम पर टेन्ट लगाने से नही चूकते है।

## इस पुण्य कार्य से और बड़ा दूसरा कार्य नहीं हो सकता



**सांईखेड़ा।** इस समय पढ़ रही तेज तूप के चलते जहां सड़कों पर चलने वाले लोगों के शरीर पसीने से तरबतर होते हुए देखे जा रहे है। जहां चंद कदम चलने के बाद ही पानी पीने के लिए तरसने लगते है तो फिर इस स्थिति में उन मूक पशुओं का क्या हाल होता होगा जिन्हे पानी पीने के लिए यहां वहां भटकने के लिए मजबूर देखा जाता है? क्योंकि मनुष्य को तो भगवान ने बुद्वि देने के साथ साथ इस प्रकार के अंग प्रदान किये गये है कि वह प्यास लगने पर पानी की व्यवस्था कर सकता है। मगर नगर की सड़कों पर घूमने वाले मूक पशु व पक्षी तो प्यास लगने पर न तो बोल सकते है और न ही जल स्त्रोतों से पानी निकालकर पी सकते है? मगर उन मूक प्राणियों की स्थिति को देखकर उन्हें पानी व्यवस्था कराने की सोच शायद की कुछ लोगों में देखने मिलती होगी? मगर कहा जाता है कि मूक प्राणियों की भावना को समझने वाले लोग भी होते है जो पशुओं से सिर्फ प्रेम ही नही करते है बल्कि उनकी दशा देखते हुए इस बात को भी समझ जाते है कि आखिर में वह क्या चाह रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा निवासी युवा पत्रकार दीपक अग्रवाल में देखने मिल रही है जो इस समय पड़ी रही भीषण गर्मी के दौरान नगर की सड़कों पर प्यासे घूमने वाले पशुओं से लेकर पक्षियों को पानी पिलाने का कार्य भी कर रहे है। क्योंकि जब उन्हें किसी हेण्ड पंप के पास खड़ा हुआ मूक पशु दिखाई पड़ता है तो उसकी मनोकामना को समझते हुए नल चलाना शुरू देते है जिसके चलते पशु ठंडा पानी ग्रहण करते हुए आगे की ओर बढ़ जाता है, वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां पेड़ो की छोटे छोटे डिब्बे लगाते हुये उनमें ठंडा पानी भरते हुये पक्षियों को पानी पिलाने की सेवा में जुडे हुये देखे जा रहे है। इस सच्चाई को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि मानव जीवन में इससे बड़ा पुण्य का कार्य शायद ही दूसरा कोई हो सकता है।

## श्री सत्य सांई भंजन मंडली द्वारा आयोजित निःशुल्क उपचार शिवर में 103 मरीजों को मिला लाभ



**गाडरवारा।** श्री सत्य साई भजन मंडली कान्हरगाव के साई युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये। बीते हुये कई वर्षो से लगातार माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में बीते हुये रविबार को आयोजित 58 वें मेडीकल कैम्प में में 4 शहरों सहित 28 गावों से आये हुये लगभग 103 मरीजों ने अपना उपचार करवाया गया तथा सभी मरीजों को भंजन मंडली के माध्यम से निःशुल्क दबाईयों का वितरण भी किया गया। वही बताया जाता है कि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्वेश्य से इस मेडीकल केंप को पालिथिन मुक्त मुक्त रखा गया था जिसके चलते सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गई। वही मेडीकल कैम्प में महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर स्वाती कुरचानिया, डा,मनीष महोबिया, डा,संजय मोदी डा,उपेन्द्र बस्त्राकार के आलवा सहयोगी के रूप में राहुल गोस्वामी, बबलू भाई दबाई बाले, कमलेश सोनी जन स्वास्थ्य रक्षक, कृष्ण श्रीवास्तव के आलवा भजन मंडली कान्हरगांव के साई युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान करते हुये। इस मेडीकल कैम्प में में विशेष योगदान दिया तो दूसरी ओर इस मेडीकल कैम्प में कटनी, नरसिंहपुर, जबलपुर, छिदवाड़ा, इटारसी, सोजनी, पिपरिया, साईखेड़ा, बारहाबड़ा, दहलबाड़ा, सीरेगांव, इमलिया, दिघोरी, बोदरी, बगदरा, सालेचौका, देवरी, घुरपुर, महगवां कला, कान्हरगाव सहित अनेक गावों के मरीज ने पहुंचकर लाभ लिया।

## अग्रवाल समाज द्वारा किया गया संस्कार शिविर का आयोजन




**गाडरवारा।** स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की कृपा से एक संस्कार शिविर" का आयोजन अग्रवाल समाज के बच्चों के लिए 1 से 15 जून तक किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस शिविर के माध्यम से बच्चों को संस्कृत के श्लोक, स्त्रोत भगवत गीता व रामायण पढ़ने का मूलभूत ज्ञान कराया जाएगा। वही इस शिविर का आयोजन का शुभारंभ 1 जून दिन शनिवार को बांके बिहारी मंदिर में शाम 4:30 बजे से होना निश्चित किया गया। इस दौरान महिला मंडल द्वारा आयोजित श्री देव बांके बिहारी जी मंदिर मैं 15 दिवसीय संस्कार शिविर का माता सरस्वती जी एवं महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान अध्यापिका मीना बंसल तथा विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल व ट्रस्ट अध्यक्ष धर्मेंद्र खजांची तथा युवा परिषद अध्यक्ष मिलन बंसल की उपस्थिति मैं हुआ। वही महिला मंडल अध्यक्ष सुप्रिया अग्रवाल, उपाध्यक्ष ज्योति कोषाध्यक्ष, शिखा अग्रवाल सहसचिव, बबीता अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल रंजीता खजांची मौजूद रही।

## भागव कथा का हुआ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ



**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम सांगई में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के चलते जहां संपूर्ण ग्राम धर्म की गंगा में हिलोरे मारने के लिये प्रतीत होने से नही चूक रहा है। वही वही इस भागवत कथा के शुभारंभ के पहले जिस तरह से कलश यात्रा निकाली गई तो ग्राम के अंदर का मनमोहन दृश्य इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक रहा था कि मानों यह सांगई कन्हैया की नगरी बन चुका है। इस तरह कथा शुभारंभ के पूर्व ग्राम में भव्य कलश यात्रा स्कूल के खेरापति मंदिर से पूजन अर्चन के साथ निकाली गई जो गांव में भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर जाकर समाप्त हुई। वही इसके उपरांत श्री गणेश पूजन एवं श्रीमद भागवत पूजन के बाद कथा प्रारंभ हुई। वही कथा के पहले दिवस कथावाचक रविकांत मिश्रा ने श्रीमद भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने से भगवान कृष्ण की लीलाओं को जानने का अवसर मिलने के अलावा पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीवन मे व्यक्ति को भागवत कथा जरूर करवाना चाहिए।

## श्री सांई श्रद्वा सेवा समिति द्वारा ब्लड स्टोरेज बैंक का मनाया 9 वाँ स्थापना दिवस, अब तक हजारों लोगों की जिन्दगी बचाने में मिली सफलता



**गाडरवारा।** कौन कहता है कि आसमां में सुराख हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों...! इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया मध्यप्रदेश के गाडरवारा नगर की एक सामाजिक संस्था श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति ने। आज से करीब दस साल पूर्व 23 जनवरी 2014 एक ज्ञापन के माध्यम से इस पहल की शुरुवात हुई थी। जिसमे शहर में ब्लड बैंक स्टोरेज यूनिट के स्थापना की मांग की गई थी। वह एक छोटी सी पहल धीरे धीरे कब एक अभियान में बदल गई पता ही नहीं चला। जिसके बदौलत आज शहर में जरूरत मंदो को सरलता से ब्लड मिल पा रहा है। समिति ने इसकी स्थापना में जितना संघर्ष किया था शायद उसको शब्दों में बया करने के लिये शब्द कम पड जाये। समिति ने सैकड़ो किलो मीटर की यात्रा कर हजारों लोगों से सम्पर्क कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमे 10 हजार से अधिक लोगों के हस्ताक्षर करवाये। वही मुख्यमंत्री, स्वास्थ्यमंत्री, कमिश्नर, कलेक्टर, अनुविभगीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार इत्यादि को दो दर्जनों से अधिक ज्ञापन सौपे। यहाँ तक की समिति सदस्यों ने खून से भी लेटर लिखे। करीब ढेर साल के सतत संघर्षों एवं प्रयास के बाद शासन प्रशसन को लगा की शहर में ब्लड बैंक की आवश्यकता है जिसके बाद शासकीय सिविल अस्पताल में दो जलाई 2015 में इसका शुभारंभ किया गया था। यह प्रदेश एक मात्र ब्लड स्टोरेज यूनिट बैंक है जिसमे हर वर्ष सैकड़ों यूनिट जरुरत मंदो को रक्त प्राप्त होता आ रहा है। जिसके स्थापना दिवस के अवसर पर समिति ने चिकित्सा प्रभारी डॉ आशुतोष मेहता,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ बबीता सिंग और सहायक अजय घारू को साईं चुनरी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सांईखेड़ा क्षेत्र में पैर जमाने लगा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार, युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

**सांईखेड़ा।** सदा ही शांति प्रिय माने जाने वाली दादा धूनी वालों की नगर इस समय लगातार अपराधों की गिरप्त में समाते हुए दिखाई दे रही है। क्योंकि इस समय जहां क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने मे पुलिस असफल जहां पुलिस की कार्य प्रणाली को उजागर करने से नही चूक रही है? वही दूसरी ओर अन्य अपराधों की ओर नजर दौड़ाई जावे तो नगर में जिस प्रकार से रात के समय खुलेआम हो रही शराब खोरी के चलते सभ्य लोगों का रात के समय सड़को पर निकलना मुश्किल होते हुए दिखाई दे रहा है, इतना ही नही शराब की अवैध विक्री का परिणाम है कि पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते अनेक गांवों में जहां खुलेआम अवैध शराब का कारोबार चलते हुए देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर अब स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि अन्य मादक पदार्थो का कारोबार भी अपने पैर जमाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है, जिसके चलते इसकी चपेट में युवा पीढ़ी के आने के कारण वह बर्बाद होते हुए दिखाई पड़ रही है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय नगर में जहां खुलेआम अनेक जगहों पर अवैध गांजे का कारोबार चलने के कारण लोगों को खुलेआम जहां तहां गांजे का सेवन करते हुए देखा जा सकता है। वही नगर की गलियों में भी गांजे के अवैध कारोबार को संचालन करने वालों द्वारा इसकी पुडिया बेचते हुए देखने में आ रहा है? सच्चाई तो इस प्रकार से देखी जा रही है कि इस अवैध गांजे के कारोबार में शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने पैर जमाना शुरू कर दिया गया है।

खबर संक्षेप

## दोनों विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षकों का हुआ डिंडोरी आगमन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के पर्यवेक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 103 शहपुरा के लिए श्री एम.के.प्रजापति (मोबाईल नम्बर 7600051060) एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 104 डिण्डौरी के लिए श्री भुपेन्द्र सिंह (मोबाईल नम्बर 8901880154) का जिले में आगमन हो चुका है। प्रेक्षक का निवास विश्राम गृह (वन) के कक्ष क्रमांक 01 एवं 02 में किया गया है। मतगणना कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक द्वारा 02 मई को प्रातः 11रू00 बजे मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर कलेक्टर/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सहायक रिटर्निंग आफिसर 104 - डिण्डौरी, तहसीलदार डिण्डौरी एवं नायब तहसीलदार शाहपुर उपस्थित रहे।

## मतगणना के दौरान यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग में किया गया बदलाव

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन की मतगणना 4 जून को जिला मुख्यालय के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना में आने वाले शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी, प्रत्याशी, एजेंट एवं मीडिया के सदस्यों के वाहनों की पार्किंग हेतु स्थान निर्धारित किए गए हैं। जिसके अंतर्गत मतगणना ड्यूटी में आने वाले समस्त पुलिस एवं राजस्व के अधिकारी/ कर्मचारीयों के फोर व्हीलर/ टू व्हीलर वाहनों की पार्किंग, चंदास नदी की पुलिया के पास मैदान में की जावेगी। मतगणना मे आने वाले प्रत्याशी, एजेंट, राजनीतिक दलों के सदस्य एवं मीडिया सदस्यों के वाहनों की पार्किंग हेलीपैड ग्राउंड पर की जाएगी वही पॉलिटेक्निक कॉलेज के दोनों ओर 200 मीटर का सड़क मार्ग नो व्हीकल जोन रहेगा। इसी तरह मतगणना ड्यूटी में आने वाले सभी शासकीय अधिकारी /कर्मचारियों के वाहनों को चंदास नदी की पुलिया से प्रवेश दिया जावेगा एवं मतगणना में आने वाले प्रत्याशी, एजेंट एवं राजनीतिक दलों के सदस्य तथा मीडिया कर्मियों के वाहनों का प्रवेश अमरकंटक रोड से दिया जाएगा वही चंदास नदी की पुलिया से पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने से होते हुए अमरकंटक रोड को जोड़ने वाला मार्ग प्रातः 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक आम यातायात हेतु प्रतिबंधित रहेगा। लोग इस समयावधि में डायवर्सन मार्ग अमरकंटक तिराहा तरफ से अमरकंटक रोड की ओर जाने वाले मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

## पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयु का निर्धारण

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए आयु निर्धारण किया गया है। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के पत्र के परिपालन में राज्य शासन द्वारा आंशिक संशोधन किया गया है। अब नर्सरी में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष व अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, केजी-1 में न्यूनतम 4 वर्ष व अधिकतम 5 वर्ष 6 माह, केजी-2 में न्यूनतम 5 वर्ष अधिकतम 6 वर्ष 6 माह और कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गई है।

## आदेशों के क्रियान्वयन में हीलाहवाली करने पर होगी कार्रवाई

**ढीमरखेड़ा।** राजस्व प्रकरणों का अंतिम आदेश पारित किए जाने के बाद एक सप्ताह के भीतर वर्तमान अभिलेखों में अमल किया जाकर संबंधित न्यायालय में पालन प्रतिवेदन खसरे की प्रति सहित प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे ने तहसील के सभी हल्का पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों को दिए।



# माँ नर्मदा की सच्ची सेवा

## मैया अभियान पर्यावरण एवं जल स्वछता का जिले का फ्लैगशिप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। मैया अभियान जिसे क्लेक्टर के निर्देशन में प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता है । यह स्वच्छता कार्यक्रम माँ नर्मदा के लिए समर्पित पूर्णतः स्वेच्छा पर आधारित है जिसमे मैया अभियान के स्वमं सेवक स्व प्रेरणा से श्रम दान करते है। क्लेक्टर विकास मिश्रा स्वमं प्रत्येक रविवार को प्रातः 7 बजे से उपस्थित रहकर स्वच्छता कार्यक्रम में श्रम दान करते हैं। मैया अभियान स्वच्छता कार्यक्रम विगत वर्ष नवम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया था ।



रविवार को पुल पास घाट में सफाई की गई। डिंडोरी में सर्वाधिक प्रदूषण यही पर दिखाई देता है । मैया अभियान के सदस्यों ने नर्मदा नदी के अंदर फैली काई ,गंदे कपड़े ,प्लास्टिक ,काँच की बोतलों को निकाला । मैया अभियान के सेवकों के कहना है कि यदि नर्मदा किनारे निवासरत जन सामान्य के लोग स्वमं अपने -अपने घाट की जुम्मेदारी के साथ साफ सफाई रखे तो यह डिंडोरी जिले के लिए गौरव की बात होगी। अभी भी लोग नर्मदा नदी में गंदे कपड़े धोते है एवं साबुन का प्रयोग करते हैं। मैया अभियान के सदस्यों ने बतलाया है कि बेंगलुरु शहर के लोग गर्मी में पानी की लिए परेशान हैं वहाँ एक टेंकर पानी तीन हजार रुपये में मिल रहा है जबकि डिंडोरी शहर नर्मदा तट पर बसा है यहाँ सदैव नर्मदा जल सभी को उपलब्ध रहता है ।गर्मी का मौसम आ रहा है अतः सभी का पहला कर्तव्य ह की मां नर्मदा की निर्मल धार बनाये रखे। रविवार को आयोजित मैया अभियान में प्रमुख रूप से नेहरू युवा केन्द्र से आर पी कुशवाहा , दिव्यता सिंघई, आयुष अधिकारी डॉ सतेंद्र परस्ते ,उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, एकलव्य विद्यालय शिक्षक शहीद खान, पंकज डहेरिया, मनोज चैकसे, ब्रजभान पाटले, संस्कार चैकसे , नगर परिषद से सुरेंद्र शुक्ला, महेंद्र ने श्रम दान किया।

# पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने ग्राम पंचायत का किया घेराव





### -जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत सुरजपुरा का मामला

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** भीषण गर्मी में बूंद बूंद पानी को तरस रहे ग्राम सुरजपुरा के महिलाओं ने शनिवार को मोर्चा खोलते हुए खाली बर्तन लेकर ग्राम पंचायत भवन सुरजपुरा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। महिलाओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और जल्द ही समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर महिलाएं खाली बर्तन लेकर वापस अपने अपने घर रवाना हुए।

### -क्या है मामला

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम सुरजपुरा में गर्मी का मौसम आते ही पानी का संकट गहरा गया और लोकसभा चुनाव के ठीक दो दिन पहले मोटर पंप जलने से नलजल योजना ठप्प पड़ गया। लापरवाह सरपंच सचिव इस ओर ध्यान नहीं दिए और जलसंकट गहराता चला गया। ग्राम पंचायत द्वारा बीच बीच में पानी टेंकर से ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाने लगा जो नाकाफी साबित हुआ और पानी की समस्या दिनों-दिन बढ़ता गया जिसके चलते महिलाओं का सब्र का बांध टूट गया। शनिवार को नाराज महिलाओं ने खाली बर्तन लेकर ग्राम पंचायत भवन का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने लगे तब कहीं जाकर जिम्मेदार नींद से जागे और पीएचई विभाग के शरण जा पहुंचे। पीएचई विभाग के एसडीओ के द्वारा फोन पर ही महिलाओं से बात कर नया मोटरपंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया और रोजगार सहायक को तत्काल शहपुरा आकर मोटरपंप सहित अन्य जरूरी उपकरण ले जाने को कहा और पानी की आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार पंचायत कर्मियों द्वारा देर शाम को मोटरपंप लाया गया है जिसे रविवार को बोर में डालकर पानी सप्लाई शुरू किया जाएगा।

# संतुलित उर्वरकों के उपयोग के लिए कृषि विभाग द्वारा सभी कृषकों से अपील

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मानसून के आगाज के साथ ही खरीफ की बोनी शुरू हो जाएगी। सभी किसान खेत की तैयारी में जुट रहे है कही मृदा परीक्षण के लिए नमूने लिए जा रहे है तो कही खेतो की गहरी जुताई की जा रही है। हमारे जिले में खरीफ में लगभग २ लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खेती की जाती है, जिसमे धान, मक्का, श्री अन्न, दलहन एवं तिलहन की खेती प्रमुखता से की जाती है। अच्छे उत्पादन हेतु संतुलित खाद अत्यंत आवश्यक है। संकर धान संकर मक्का के लिए अनुशंसित नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश 120-60-40, डी.एस.आर. से बोनी हेतु 80-40-30 जबकि दलहन एवं तिलहनी फसलों के लिए सल्फर के साथ 20-60-20 कि.ग्रा. एन.पी.के. प्रति हेक्टेयर उपयोग में लाया जाना चाहिए। क्ाच की बढ़ती मांग , अधिक रेट और अनुपलब्धता से कृषकों को समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि क्ाच के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट, एन.पी.के. के विभिन्न उर्वरक एवं अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट आदि का उपयोग किया जा सकता है। क्ाच के स्थान पर एसएसपी का उपयोग करने से भूमि सरंचना का सुधार होता है चुकी इसमें सल्फर भी पाया जाता है। जो की दानेदार एवं पाउडर दोनों रूप में उपलब्ध है जिसे खेत की तैयारी के समय क्ाचाम स्थान पर उपयोग किया जाता है। जबकि क्ाच के उपयोग से जमीन धीरे -धीरे कठोर होती है। साथ इन उर्वरकों का दाम क्ाच से कम भी है। इसी के साथ नैनो तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी को यूरिया एवं डीएपी के असंतुलित और अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न होने वाली समस्या के नियंत्रण हेतु बनाया गया है। अतः कृषि विभाग द्वारा सभी कृषकों से अपील की जा रही है कि क्ाच खाद के अन्य विकल्पों को जैसे एसएसपी, एन.पी.के. 15रू15रू15, 12रू32रू16, 16रू16रू16, 20रू20रू00रू13 का उपयोग कर संतुलित उर्वरकों के साथ मृदा का स्वास्थ्य बनाए रखे साथ ही उत्पादन भरपूर पाएं।

## 04 जून मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतगणना अवधि के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध एवं शुष्क दिवस घोषित करने के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ष्ाष के प्रावधान अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने मतगणना दिवस के लिए सम्पूर्ण डिण्डौरी जिले की सीमा में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार मतगणना दिनांक 04.06.2024 दिन मंगलवार को सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस होगा। शुष्क दिवस/अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा देशी मद्य भाण्डागार, हेरिटेज मदिरा विनिर्माण इकाई, ग्राम भाखामाल वि.ख. अमरपुर से किसी भी मदिरा का विक्रय अथवा प्रदाय प्रतिबंधित किया गया है। उक्त अवधि में जिले के भीतर किसी भी होटल, आहार गृह, गैरमालिकाना क्लब,मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रयध्वितरण प्रतिबंधित किया जाता है। आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उपरोक्तानुसार शुष्क दिवस/अवधि में जिले में किसी भी प्रकार के मादक द्रव्य/पदार्थ का अवैध विनिर्माण, परिवहन, कब्जा, विक्रय इत्यादि न हो।

# बच्चों के खेल प्रतिभा को निखारने का उचित प्लेटफार्म समर कैंप



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के दिशा निर्देश में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी इसरार मंसूरी सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में 1 से 30 मई तक जिला खेल परिसर जिला अनूपपुर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। गत दिवस समापन के अवसर पर कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश पंकज जायसवाल एवं जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे उपस्थित रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता चैतन्य मिश्रा जिला अध्यक्ष वालीबाल संघ एवं विशिष्ट अतिथि मनीष सिंह और समाजसेवी साहित्यकार मधुकर चतुवेर्दी, पत्रकार मनोज शुक्ला और रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक वॉलीबॉल एवं दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी जिला अनूपपुर स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर मंच पर उपस्थित थे इस कार्यक्रम में जिन्होंने प्रशिक्षक का कार्य किया इनमें से वालीवाल कोच रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक ,कराटे कोच रूपाली जायसवाल फुटबॉल कोच धनीराम बनवासी कबड्डी प्रशिक्षक सृष्टि सिंह, हर्षिता राव कराटे खेल के सह कोच पूनम पांडे ,श्वेता नामदेव एवं अंजली सिंह, सह कोच बालीवाल बालमुकुंद सिंह , अयोध्या प्रसाद सोनी एवं सह कोच कबड्डी सोंधिया मैडम द्वारा सुबह शाम खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया इन सभी प्रशिक्षकों ने लगभग 180 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश पंकज जयसवाल ने कहा समर कैंप के माध्यम से बच्चों में एक अलग निखार और टैलेंट पैदा होता है और वह बच्चा एवं बच्ची आगे चलकर के अपने हुनर को आगे दिखता और न्यायाधीश ने बच्चों से समर कैंप के बारे चर्चा की और बच्चों ने उत्साह पूर्वक उनका जवाब दिया तो न्यायाधीश महोदय ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि आप इसी तरह आगे बढ़ते रहें हम आपके साथ में हैं अतिथि के रूप में जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे ने कहा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण जो शिविर चल रहा है इस समय जो बच्चे बच्चिया भाग ले रही है और उनके अभिभावक जो इस कार्यक्रम में बढ़-कर करके भाग लिया उनके लिए सभी बधाई के पात्र हैं समर कैंप एक ऐसा कैंप है जिसमें बच्चे बच्चियों समय का सदुपयोग कर खेल के माध्यम से अपने को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं और बच्चों में एक अलग प्रतिभा पैदा होता है जो हमेशा एक उसके लिए और अपने माता-पिता के लिए मिसाल बनकर तैयार होता है जिला वालीबाल संघ के जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा की खेल ऐसा चीज है जो हमें आगे बढ़ाने में टॉनिक का काम करता समर कैंप में जो बच्चे भाग ले रहे हैं वह अपने समय का सदुपयोग करके अपने माता-पिता एवं गुरु को अच्छा रिजल्ट देते हैं और बच्चों में एक निखार आता है और वह बच्चा खेल के माध्यम से बहुत आगे बढ़ता है उसमें अनुशासन आता है जो हमेशा उसके लिए वरदान साबित होता है। खेल के माध्यम से पहचान भी अलग ढंग से होती है। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत किया गया और डेमो में कई कराते की कलाएं बच्चों के द्वारा दिखाई गई जो बहुत मनमोहक रही। अंत में सभी खिलाड़ियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जिला अनूपपुर इसरार मंसूरी के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा बच्चे बच्चियों को सभी को एवं सभी कोचों सहायक प्रशिक्षकों को दिया गया। मंच संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी जिला अनूपपुर स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर एवं सभी का आभार व्यक्त इन्हीं के द्वारा किया गया और अंत में सभी खिलाड़ियों और अतिथियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगीत के साथ समापन किया गया।

# भीषण गर्मी में भी पृथ्वी सेना ने किया वृक्षारोपण कार्य



### 42 डिग्री तापमान में भी अपने कर्तव्यों का कर रहे निर्वहन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडोरी जिले के विकासखंड अमरपुर में ग्राम चांदपुर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पृथ्वी सेना विगत 3 वर्षों से लगातार हर रविवार वृक्षारोपण कर उनके देखरेख का कार्य कर रही है । पृथ्वी सेना दो लोगो जितेश शुक्ला और नयन शुक्ला के द्वारा शुरू की गई।3 वर्षों में पृथ्वी सेना के द्वारा हजारों की संख्या में पौधे रोपे गए हैं और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाई जा रही है।पृथ्वी सेना द्वारा विशेष रूप से पीपल और बरगद के पौधे लगाए जाते हैं क्योंकि ये पौधे लोगो की आस्था से जुड़े होते हैं जिसके कारण इनकी सुरक्षा में मदद के साथ साथ इनके आस पास साफ सफाई भी सुनिश्चित हो जाती है।। जल संरक्षण एवम वनों की रक्षा के लिए चेतना जगाने में पृथ्वी सेना को चारों तरफ से जबरदस्त समर्थन और सहयोग मिला है । पृथ्वी सेना में अब सदस्यों की संख्या 300 हो गई है। वृक्षों और जंगलों की कमी का परिणाम अब हर जिले और हर गांव में जल संकट और बढ़ते तापमान के रूप में दिखने लगा है । इस रविवार नन्हे बच्चों ने भी पौधो को पानी देने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर पृथ्वी सेना अध्यक्ष जितेश शुक्ला ,अर्पित तिवारी, अजेंद्र सैयाम, पंकज तिवारी ,यश तिवारी, टाकेश्वर हरदहा, आकाश, नयन राहुल, बेटू, सदन ,अंकित ,सुरेंद्र सैयाम, मदन, रामगोपाल, चैनसिंह ,अंतराम आदि उपस्थित रहे। पृथ्वी सेना द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई इस गर्मी जंगलों को आग से बचाने में अपना यथा संभव योगदान जरूर दे।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से महिला की मौत

**नरसिंहपुर ।** जिले के तेन्दूखेड़ा थाना अंतर्गत आनेवाले छतरपुर गांव के खेत में टुंईयापानी निवासी छोटी बाई पति बिरजू पटेल उम्र 40 वर्ष कृषि कार्य कर रही थी उसी दौरान उसे जहरीले सांप ने काट दिया वहीं महिला को निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### जहरीली वस्तु के सेवन युवक की मौत

**नरसिंहपुर ।** जिले के चीचली थाना अंतर्गत दीपेश पिता योगेश कौरव उम्र 20 वर्ष निवासी हीरापुर ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया वहीं उसने परिजनों को सूचना दी परिजन उसे गाडरवारा शासकीय अस्पताल ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वही जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद मर्ग प्रकरण कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नरसिंहपुर ।** जिले के सुआतला थाना अंतर्गत बम्हनी निवासी रामजी पिता शोभाराम अहिरवार उम्र 27 वर्ष काम से राजमार्ग से बरमान जा रहा था उसी दौरान लोलरी के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी वहीं 108 एम्बुलेंस से करेली स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां गम्भीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग प्रकरण कायम कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस शासकीय प्राथमिक शाला बांसकुंवारी (बरगी) की शिक्षिका श्रीमती राधा कोष्टी की सेवा निवृत्ति अवसर पर 31 मई 2024 को माध्यमिक शाला स्टाफ एवं जनशिक्षा केंद्र की ओर से उनका सेवाभिनंदन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर माध्यमिक शाला से श्रीमती रचना मालवीय , श्रीमती मीना सोनी, जी आर हिंडोलिया , मुकेश दीक्षित, संजय मेहरा , आर पी शर्मा , श्रीमती शीला साहू, श्रीमती उषा विश्वे, श्रीमती कमला शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे ।

### श्रीराम मंदिर में लगाया पौधा



**करेली।** नगर के समाजसेवी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष विजय नेमा एवं नगर के पत्रकार जितेन्द्र गुप्ता द्वारा श्रीराम मंदिर करेली में ट्री गार्ड में सुरक्षित कर नीम के पौधे का रोपण श्रीराम मंदिर के प्रधान पुजारी पं. शिवनारायण दुबे की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जीवंत पर्यावरण रक्षणं हेतु समय समय पर नगर में पौधारोपण करने में अपना योगदान देने वाले राजेश सोनी, जितेन्द्र गुप्ता, उपेन्द्र यादव, राघवेन्द्र रघुवंशी मौजूद रहे।

### वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रविवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि रविवार को 02 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है।

---

### डीएसपी की जांच मे अंकित होगा कि दोषी कौन...

# सत्या की सत्यता पर जांच जारी, हिरण शिकार का मामला

**नरसिंहपुर ।** बीते सप्ताह जिले के सुआतला थाना पुलिस ने दो आरोपियों को हिरण का मांस लाते हुये चार पहिया वाहन सहित पकड़ा गया था। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय मे पेश किया जहां पर जेल भेज दिया और अगले दिन उन्हे जमानत भी दे दी गई। आरोपियों द्वारा जमानत आवेदन मे पुलिस पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया। जिसपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तेंदूखेड़ा द्वारा जांच की जा रही है। अब मामले की सत्यता इस जांच मे सामने आने की संभावना लोगो द्वारा लगाई जा रही है ।



हरिभूमि

हिरण के मांस जब्ती का मामला

मरा हुआ आधा हिरण कहां गया, नहीं ढूंढ पाई पुलिस

### आरोपियों की मिली जमानत

सुआतला पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध पंजीबद्ध किये गये मामले में आरोपियों को न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई। वन प्राणी अधिनियम के तहत पेश होने के दूसरे दिन जमानत मिलना लोगो की समझ के परे है । अधिकांशतः देखा जाता है कि वन्य प्राणी शिकार के मामले मे आरोपियों को बड़ी मशक्कत के बाद जमानत मिलती है वही उक्त मामले मे न्यायालय द्वारा आरोपियों के तर्क के अधार पर जमानत दी गई । यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस ने मामले को जानबूझकर कमजारे बनाया गया है जिस कारण से शीघ्र ही जमानत मिल गई। वही न्यायालय के आदेश पर जप्ती वाहन भी सुपुर्दगी मे दे दिया गया है।

### मुख्य आरोपी कौन

हिरण के मांस जब्ती मामले मे पुलिस द्वारा बनाये गये आरोपियों से यह पता नही चल सका है कि उक्त मामले का मुख्य आरोपी कौन और हिरण का शेष भाग किसके पास है यह अभी पुलिस के सामने अनसुलझी कहानी बनी हुई है। सूत्रों की माने तो पकड़े गये आरोपियों के साथ अन्य आरोपी भी शामिल है जिनके पास हिरण का शेष भाग है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के बाद पूछाताछ मे कोताही बरती और साथी आरोपियों को बचाने का कार्य पुलिस द्वारा किया गया। यदि उक्त मामले की सत्यता के साथ जांच की जाये तो पुलिस मुख्य आरोरियों तक पहुंच सकती है। हालांकि बताया जा रहा है कि पकड़े गये आरोपियों के साथ अन्य आरोपी भी है जिन्हे बचाने मे सुआतला पुलिस ने पूरी कोशिश की है। जिस प्रकार फिल्मी किरदार में सत्या की भूमिका थी उसी प्रकार उक्त मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका है ।

### जांच हो सकेगा अंकित

डीएसपी द्वारा की जा रही जांच में आरोपियों के बारे मे पूरी तरह अंकित होगा कि मामले में कितने आरोपी है और पुलिस ने उन्हें क्यों बचा दिया । क्योकि यदि पुलिस हिरण के शेष भाग को बरामद कर लेती तो माना जा सकता था कि दोनो ही आरोपी हो सकते है लेकिन शेष हिरण का ना मिलना पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह उत्पन्न कराता है। फिलहाल मामला जांच में है और जांच पूरी होने तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है । लोगों का कहना है कि उक्त कार्रवाई में संलिप्त पूरी टीम की भी जांच होनी चाहिए और दोषी को बचाने में पुलिस ने सहयोग क्यों किया ।

### वाहवाही लूटने बनाया प्रेस नोट

पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि वन्य प्राणियों के शिकार की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार द्वारा विशेष टीमों का गठन किया जाकर वन्य प्राणियों के शिकार करने वालों को अभिरक्षा में लेने हेतु निर्देश दिए गए थे, गठित की गयी टीम द्वारा घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप एक सफेद रंग की बोलेरो कार क्रमांक एमपी 49 सी 3363 में कुछ व्यक्ति कुछ व्यक्ति बैठे हुए दिखे उन्हें रोका गया एवं उनसे गहनता से पूछताछ की गयी जिन्होने संतोषजनक उत्तर नही दिया गया संदेह होने पर उनके वाहन की तलाशी लेने पर प्रदीप राय पिता टावल सिंह राय उम्र 37 साल, राजा राम पटेल पिता छोटेलाल पटेल उम्र 47 साल दोनो निवासी विल्धा के पास से किसी वन्य जीव का शिकार कर उसका मांस रखे पाया गया । आरोपियों से एक बोलेरो वाहन, एक नाल वंदूक, 10 छर्रे एवं वन्य प्राणी के मास को जब्त किया गया । उक्त कार्रवाई मे थाना सुआतला अंतर्गत वन्य प्राणी का शिकार करने वाले आरोपियों को अभिरक्षा में लेने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नागेंद्र पटेरिया, एसडीओपी मधुर पटेरिया, निरीक्षक अनुपमा शर्मा, उप निरीक्षक अंकित रावत, आरक्षक सोहन पटेल, आरक्षक बहादुर कुशवाहा, आरक्षक सत्येंद्र बैन की मुख्य भूमिका रही है।



हरिभूमि

पीठ थपथपा कर भूल गई पुलिस

तीन दिन से थाने मे रखा हिरण का मांस, मार रहा बदबू व लगे कीड़े

### अधिकारियों के निर्देषन उपरांत भी चूक

उक्त मामले डीएसपी द्वारा जांच की जा रही है । जबकि प्रेसनोट मे बताया गया है कि उक्त कार्रवाइ बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन उपरांत की गई थी । लोगो की माने तो अधिकारियों द्वारा निर्देशन दिये जाने के बाद पुलिस ने कड़ाई से उसका पालन नही किया या फिर अधिकारियों द्वारा वाहवाही लूटने के लिये प्रेस नोट बनाया गया । मामले मे बहुत कुछ गड़बड़ी नजर आ रही है । अब देखना होगा की जांच मे क्या सामने आता है मांस हिरण का ही है या फिर अन्य किसी जीव का है फिल जांच रिर्पोट आने का सभी को इंतजार है। हालांकि उक्त मामले के बाद सुआतला पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे है । वन विभाग को सौपने की वजह पुलिस खुद कार्रवाई मे आगे क्यों आई यह बात समझ के परे है । हालांकि आरोपियों ने न्यायालय मे पुलिस को ही कटघरे में ला दिया है ।


---



## भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**नरसिंहपुर ।** आगामी 6 जून से प्रारंभ होने वाली श्री हनुमंत कथा स्थल पर पंडाल लगते ही प्रथम आयोजन विगत दिवस सुंदरकांड पाठ से हुआ। हजारों की संख्या में धर्मप्रेमीयो की उपस्थिति में गाडरवारा से पहुंचे श्री रघुनंदन संगीत ग्रुप के द्वारा पाठ किया गया। कथा आयोजकअजय लोधी तथा सागर लोधी के द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार प्रतिदिन अनेको मंडलों के द्वारा कथा स्थल पर विविध कार्यक्रम किए जाएंगे। जिला प्रशासन तथा आयोजन समिति के द्वारा कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किए जा रहे हैं जो आवश्यक मूलभूत सुविधाएं हैं उन पर विचार करते हुए योजनाए बनाई जा रही है, जिससे आने वाले धर्म प्रेमियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम स्थल के सभी स्थान मंच व्यवस्था, अन्नपूर्णा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, जैसे 24 प्रभाग बनाए गए जिसकी जिम्मेदारियां अलग-अलग सेवादारों को दी गई है । जिसमें जाट युवा मोर्चा के द्वारा एक विशेष परिवेश में उपस्थित होकर सेवादार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की और इसी परिवेश में आगामी दिनों में जाट युवा मोर्चा के सभी सदस्यों के द्वारा सेवादार के रूप में सेवाएं प्रदान की जाएगी। कथा स्थल के समीप मेला लगाया जा रहा है जिसमें 300 से अधिक दुकान लग रही है खाना, चाय, नाश्ता से लेकर सभी प्रकार की सामग्री दुकानों पर उपलब्ध होगी। विगत दिवस संपन्न हुए सुंदरकांड पाठ के आयोजन में जिस संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित हुए और कथा स्थल पर इस कदर भाव विभोर हुए की सभी ने नृत्य करना शुरू कर दिया। इस आयोजन से यह अंदाजा लगाया जा सकता है की आने वाले दिनों में जनसंख्या बहुत अधिक होगी। 6 तारीख में प्रातः 8 बजे सदर मड़यिा से निकलने वाली कलश यात्रा भी ऐतिहासिक कलश यात्रा होगी। आयोजन समिति के सभी सदस्यों के द्वारा सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया गया है कि यह कार्यक्रम हमारे जिले के लिए गौरव का कार्यक्रम है जिसे हम सबको मिलकर सफल बनाना है मातृशक्ति से भी आग्रह किया गया है की कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो और भगवान बागेश्वर धाम की जो कृपा हमारे जिले पर अचानक बनी है, उनका हम आशीर्वाद प्राप्त करें। विश्वविख्यात कथा वाचक पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की पंचदिवसीय श्री हनुमंत कथा का रसपान करें जीवन में आने वाले कष्टों का निदान हो ऐसी कामना लेकर कथा स्थल पहुंचे।

## हर मर्ज की दवा है योग



**नरसिंहपुर ।** .योग रोग ब्याधियो से बचाव कर शरीर को चुस्त दुरुस्त रखता है। योग से श्वसन तंत्र तंत्रिका तंत्र पाचनतंत्र खून संचार और हृदय मजबूत होता है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है । हर मर्ज की दवा है योग। सुबह जल्दी उठकर हम सबको योग करना चाहिए। उक्ताशय के विचार साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने गायत्री मंदिर सभागृह नरसिंहपुर में आयोजित योग कार्यक्रम में व्यक्त किये।योग प्रशिक्षक एन सी जैन ने ध्यान प्राणायाम आसन सहित योग की अनेक प्रक्रिया से अवगत कराया। योग प्रशिक्षक जे के पटेल ने अनुलोम विलोम भस्त्रिका भ्रामरी कपालभाति ऊं अनुनाद सहित अनेक योग मुद्राओं की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया। विदित हो कि योग समिति द्वारा विगत अठारह वर्षों से श्रीराम शर्मा सभागृह गायत्री मंदिर नरसिंहपुर में प्रातः कालीन सत्र में नियमित रूप से योग कराया जा रहा है। जिसमें व्यायाम के साथ साथ आसन ध्यान प्राणायाम प्रार्थना और सुविचार पर विशेष ध्यान दिया जाता है।योग प्रशिक्षक योग कराते हैं। विद्धवद जनों में पं.लीलाधर दुबे अशोक नेमा पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी डा.केदार गुप्ता राजेश जाट प्रेरक सुविचारों से सबको ऊर्जा उत्साह देते हैं।ओज हास्य कवि अशोक त्रिपाठी अपने व्यंग्य विनोद और काव्यपाठ से सबका भरपूर मनोरंजन करते हैं। कार्यक्रम में गुरमुख माखीजा, शिवप्रसाद साहू महेंद्र श्रीवास्तव शरद साहू, श्रीकांत नामदेव, सुधीर दुबे नीरज शर्मा गणेश कुमार चतुर्वेदी, मनोज जाट बी एस पटेल जे के पटेल, आर के पटवा, ए के नेमा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

---

## विधानसभावार मतगणना टेबल एवं राउंडों की जानकारी

**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत 4 जून 2024 को मतगणना कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में सम्पन्न होगी। मतगणना का कार्य प्रात 8 बजे से प्रारंभ होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संसदीय क्षेत्र 14- मंडला के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118- गोटेगांव की मतगणना के कुल 17 टेबलें लगाई जायेगी। गोटेगांव विधानसभा के अंतर्गत कुल 254 मतदान केन्द्रों के मतों की गणना की जायेगी। इसी तरह संसदीय क्षेत्र 17- होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा की मतगणना के लिए मतगणना स्थलों पर कुल 66 टेबलें लगाई जायेंगी। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 708 व 2 अतिरिक्त मतदान केन्द्रों के मतों की गणना की जायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर के कृषि उपज मंडी में होने वाली मतगणना के लिए संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 119- नरसिंहपुर के लिए 18, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के लिए 15, तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 121- गाडरवारा के लिए 16 टेबल लगाई जायेगी। इसी तरह संसदीय क्षेत्र 14 मण्डला की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118- गोटेगांव के लिए 17 टेबल लगाई जायेगी।




### 14 राउंड में होगी मतों की गणना

संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद एवं संसदीय क्षेत्र 14 मण्डला के लिए 04 जून 2024 को होने वाली मतगणना कुल 14- 14 राउंड में संपन्न होगी। मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मण्डला की विधानसभा गोटेगांव क्षेत्र-118 शेड क्रमांक एक बाया भाग, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद की विधानसभा क्षेत्र- 119 नरसिंहपुर शेड क्रमांक 2 दाया भाग, विधानसभा क्षेत्र 120- तेंदूखेड़ा शेड क्रमांक 2 बाया भाग, विधानसभा क्षेत्र 121- गाडरवारा शेड क्रमांक 1 दाया भाग पर मतगणना स्थल बनाये गये है।

### मीडिया कर्मी मीडिया सेंटर तक ही ले जा सकेंगे मोबाइल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना आगामी 4 जून को कृषि उपज मंडी परिसर नरसिंहपुर में होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल में गणना कक्षों में किसी भी प्रकार का मोबाइल, लैपटॉप, केलकुलेटर एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच आदि सख्ती से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा गणना स्थल पर खाने-पीने की सामग्री आदि लेकर नहीं जा सकेंगे। मतगणना स्थल पर प्राधिकृत प्रवेश पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मीडिया प्रतिनिधि अपने मोबाइल फोन मीडिया कक्ष तक ही ले जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र धारक मीडिया प्रतिनिधि मतगणना कक्ष में 3-4 व्यक्तियों के समूह में ही जा सकेंगे। मतगणना कक्ष में कैमरा स्टेण्ड या ट्रायपोड ले जाने की अनुमति नही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीडिया सेंटर के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूजा सोनी को मीडिया सेंटर प्रभारी बनाया गया है। मतगणना कक्ष में चारों विधानसभाओं में गणना कार्य के अवलोकन के लिये कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है। इसके अलावा चारों विधानसभाओं से राउण्डवार गणना पत्रक प्राप्त कर मीडिया सेंटर में उपलब्ध करवाने के लिये भी रनर नियुक्त किये गये है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर मतगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी, अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर मोबाईल, धूम्रपान संबंधी वस्तुएं जैसे जर्दा, पान, सुपारी, पाउच, बीड़ी, सिगरेट आदि साथ ले जाना व इसका उपयोग करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

---

## शिव शक्ति मंदिर में चोरी



**करेली।** पापियों को कोई धर्म नहीं होता है। चोरो की जद से अब नगर के देव स्थल भी सुरक्षित नहीं है शहर में चोरी की वारदाते चोर बेखौफ होकर अंजाम देते है अधिकतर मामलो में चोर कानून की गिरफ्त से बाहर रहते है इस कारण उनके हौसले बुलंद है। शिव शक्ति मंदिर शिव शक्ति चैक राजेन्द्र प्रसाद वार्ड करेली में दिनांक 01.06.2024 की रात्रि में चोटी हो गई है चोरी गये सामान में एम्पलीफायर अहूजा कम्पनी का 250 वाट का, मंदिर में रखा पंडितजी के वेग में रखा लगभग एक तोला चांदी की मूर्तियाँ. एवं सोने की एक-दो ग्राम की मूर्तियों उक्त सभी सामान चोरी हो गया है किसी अज्ञात चोर के की गई है समाजसेवी व मंदिर में सहयोग हेतु तत्पर रहने वाले नगर के नागरिक जगदीश ठाकुर शिव शक्ति मंदिर समिति सदस्य ने थाना प्रभारी पुलिस थाना करेली, जिला-नरसिंहपुर म.प्र. को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने का आग्रह किया है। नगर के देव स्थल सुरक्षित नहीं है 5 मई 24 को मदार टेकरी मंदिर में पुजारी की हत्या हो गई थी जिसकी जांच एसआईटी द्वारा जारी है। 3 फरवरी 2023 को श्रीहर्रई माता मंदिर में चोरी हो गई थी। शुभम कालोनी के जैन मंदिर में अनेक बार चोरी हो चुकी है। जानकारी अनुसार शिव शक्ति चैक पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चालू नहीं थे इनको नगर पालिका ने लगवाया था जिनका कंट्रोल रूम पुलिस थाना करेली में बनाया गया है। कैमरे चालू है या बंद है इसकी जबाबदेही प्रशासन की है। उसे समय समय पर देखना चाहिए। बहरहाल देखना होगा कि शिव शक्ति मंदिर के चोर पकडने में पुलिस महकमा कामयाब होता है या यह बात भी अखबारों की सुर्खियां बनकर सिमट जावेगी..?

## नशामुक्त का दिया सन्देश




**नरसिंहपुर ।** अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंहपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्ववधान म धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ रेलवे स्टेशन प्रांगण में अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य उद्बोधन में राजयोगिनी बी.के.वंदना बहन ने बताया की एक मच्छर का जीवन मनुष्य के हाथ में है उसी प्रकार हमारा जीवन भी हमारे हाथ में है ,नशे को हम तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटका अदि के धुंए के रूप में लेते हैं जिससे हमारा जीवन भी काले धुंए के सामान बन गया है द्य राजयोग ही एक ऐसी विधि है जिससे हम अपनी कर्मेन्द्रियों को वश कर अपने जीवन को तनाव मुक्त बना सकते हैं । अंत में दीदी जी ने रजयोग का अभ्यास कराया एवं नशे से मुक्त रहने के लिए प्रतिज्ञा पत्र भरवाए । कार्यक्रम में ए.डी.जे. श्री सक्सेना ने बताया तम्बाकू के कारण पर्यावरण प्रदुषण बढ़ रहा है ,पूरे विश्व में 30 हजार हेक्टेयर जमीन का उपयोग केवल तम्बाकू उत्पादन में किया जाता है जिसके लिए प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख हेक्टेयर जमीन को साफ कर तम्बाकू का उत्पादन होता है । रेलवे स्टेशन सुनील जाट ने कहा की दुनिया में कई प्रकार के विज्ञापन चल रहे हैं जिससे नशीले पदार्थों का प्रचार-प्रसार बहुत बढ़ा रहा है ऐसे पदार्थों के विज्ञापन पर सरकार द्वारा प्रतिबन्ध लगाना चाहिए। संस्था का सम्मान करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष नीरज महाराज ने कहा नशे का उल्टा शब्द शान है जो व्यक्ति नशा करता है उसकी शान खत्म हो जाती है, उन्होंने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था मनुष्य की खोई हुई शान को वापस दिलाता है ये संस्था सदा ही हमारे समाज, जिले एवं राष्ट्र के कल्याण के लिए सदैव प्रयासरत रही है। यही राष्ट्र के लिए जागरण है । कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को सौगात एवं प्रशाद वितरण कर नशावान लोगों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई एवं सैकड़ों लोगों ने त्रिदिवसीय राजयोग (तनावमुक्त एवं नशामुक्ति) शिविर में भाग लेकर स्वयं को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया ।

---

## तहसील परिसर में जरूरत है किसानों को बैठने छायादार शेड की पीने के पानी की

**तेंदूखेड़ा-** एक तरफ जहां शासन किसानों को तरह तरह की योजनाओं के माध्यम से उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दे रही है वहीं दूसरी तरफ किसानों की विभिन्न समस्याओं को निराकृत करने वाले विभाग तहसीली में किसानों को बैठने ना तो छायादार शेड है और ना ही पीने के पानी को लेकर उचित व्यवस्था। यहां वहां पेड़ों के नीचे बैठकर छांव तलाशते नजर आते हैं तो पीने के पानी के लिए भी चाय पानी की दुकानों तरफ भागा करतें हैं। परिसर मे रखे दो चार मटके कर्मचारियों को भी पूरे नही हो पाते है। यह समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है अनेकों अधिकारी आने जाने के बावजूद इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सका।



### पूर्व में बनाई थी पेयजल व्यवस्था

भीषण गर्मी में पानी की समस्या और आने वाले हितग्राहियों कृषकों को शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु तहसील कार्यालय के सामने एक छोटी सी टंकी बनाकर उसमें दो टोंटियां लगाकर पेयजल की व्यवस्था की गई थी लेकिन काफी लंबे समय से अब वह भी नहीं है।पथरीला क्षेत्र होने के कारण इस परिसर में एक भी हैंडपंप नहीं है। जिसमें किसान पानी पी सकें एक हेंड पंप यहां पर लगाया भी गया था। लेकिन फोरलेन निर्माण के दौरान अब वह भी नहीं रहा। थोड़ा बहुत पानी निकला करता था।

### पेड़ों के नीचे बैठकर करते हैं इंतजार

अक्सर कर देखने में मिलता है कि यहां पर आने वाले किसानों और अन्य काम लेकर आने वाले फरियादियों को कार्यालय के बाहर तरफ लगे पेड़ों के नीचे बैठकर इंतजार करना पड़ता है। पूर्व में पूर्वविधायक संजय शर्मा ने अपनी निधि से यहां पर किसानों को एक शेड निर्माण करवाया था लेकिन उसमें अब कोई दूसरी शाखा संचालित हो रही है। किसानों की सुविधा की दृष्टि से यहां पर पानी और छाया दार शेड की व्यवस्था गर्मी को देखते हुए नितांत आवश्यक है।

### दस्तावेज लेने जाना पड़ता है ब्रिज पार

सबसे बड़ी विसंगति पूर्णस्थिति यह बनीं हुई है कि तहसील कार्यालय ब्रिज की दूसरी तरफ है और लिखा-पढ़ी अन्य दस्तावेजों, आवेदनों को टाइप करवाने फार्म लाने हेतु दूसरी तरफ ब्रिज पार करके आना जाना पड़ता है। तहसील कार्यालय और दुकानों के बीच में एन एच 45 की सड़क है। सुविधा की दृष्टि से कार्यालय परिसर में ही दुकानें आवंटित होने से किसानों और काम कराने आने वाले लोगों को आसानी हो जायेगी। कार्यालय के सामने तरफ से जगह भी खाली पड़ी हुई है।